# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
## ( केन्द्रीय विश्वविद्यालय )
## बी-४ कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

दिनांक २७ मई, २०२० को पूर्वाह्न११.०० बजे आयोजित विद्वत्परिषद् की प्रथम बैठक का कार्यवृत्त।

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में दिनांक 30.04.2020 से कार्य प्रारम्भ करने के पश्चात् विद्वत्परिषद् की प्रथम बैठक दिनांक 27 मई, 2020 को पूर्वाह्न11.00बजे कुलपति महोदय की अध्यक्षता में वाचस्पति सभागार में सम्पन्न हुई। कोविड-19 महामारी के कारण इस बैठक का आयोजन द्विप्रकारक (ऑफ / ऑनलाइन) उपस्थिति के माध्यम से किया गया। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया।

निम्नलिखित सदस्य व्यक्तिगत रूप में बैठक में उपस्थित हुए:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. नागेन्द्र झा | सदस्य |
| 3. | प्रो. प्रेम कुमार शर्मा | सदस्य |
| 4. | प्रो. हरेराम त्रिपाठी | सदस्य |
| 5. | प्रो. केदार प्रसाद परोहा | सदस्य |
| 6. | प्रो. जय कुमार एन. उपाध्ये | सदस्य |
| 7. | प्रो. के. भारत भूषण | सदस्य |
| 8. | प्रो. महेश प्रसाद सिलोड़ी | सदस्य |
| 9. | प्रो. भागीरथि नन्द | सदस्य |
| 10. | प्रो. सुदीप कुमार जैन | सदस्य |
| 11. | प्रो. विष्णुपद महापात्र | सदस्य |
| 12. | प्रो. संगीता खन्ना | सदस्या |
| 13. | प्रो. के. अनन्ता | सदस्य |
| 14. | प्रो. मारकण्डेनाथ तिवारी | सदस्य |
| 15. | प्रो. शिवशंकर मिश्र | सदस्य |
| 16. | प्रो. सुधांशुभूषण पण्डा | सदस्य |
| 17. | प्रो. शुकदेव भोई | सदस्य |
| 18. | प्रो. नीलम ठगेला | सदस्या |
| 19. | प्रो. महानन्द झा | सदस्य |

सत्यापित
VERIFIED



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

20. प्रो. जगदेव शर्मा सदस्य

21. प्रो. दिवाकर दत्त शर्मा सदस्य

22. प्रो. कल्पना जैन सदस्या

23. प्रो. कुलदीप कुमार सदस्य

24. प्रो.धर्मानन्द राउत सदस्य

25. प्रो. राम सलाही द्विवेदी सदस्य

26. प्रो. जयकान्त सिंह शर्मा सदस्य

27. प्रो. जवाहर लाल सदस्य

28. डॉ. मनोज कुमार मीणा सदस्य

29. डॉ. एन.पी. सिंह सदस्य

30. डॉ. अलका राय सचिव

निम्नलिखित सदस्य ऑनलाइन के माध्यम से बैठक में उपस्थित हुएः-

1. प्रो. रमाकान्त पाण्डेय बाह्य सदस्य
2. प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी बाह्य सदस्य
3. प्रो. सविता सदस्या
4. प्रो. शीतला प्रसाद शुक्ल सदस्य
5. प्रो. गोपाल प्रसाद शर्मा सदस्य
6. प्रो. राम राज उपाध्याय सदस्य
7. प्रो. अनेकान्त जैन सदस्य
8. प्रो. पीयूष कान्त दीक्षित सदस्य
9. प्रो. बिहारी लाल शर्मा सदस्य
10. प्रो. रचना वर्मा मोहन सदस्या
11. प्रो. रजनी जोशी चौधरी सदस्या
12. प्रो. अमिता पाण्डेय भारद्वाज सदस्या
13. प्रो. परमानन्द भारद्वाज सदस्य
14. प्रो. वृन्दावन दाश सदस्य
15. प्रो. विमलेश शर्मा सदस्या
16. प्रो. मीनाक्षी मिश्रा सदस्या
17. प्रो. कुसुम यदुलाल सदस्या
18. प्रो. एम. जयकृष्णन सदस्य
19. प्रो. मीनू कश्यप सदस्या
20. प्रो. प्रभाकर प्रसाद सदस्य



सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

21. प्रो. विनोद कुमार शर्मा सदस्य।

22. प्रो. सुजाता त्रिपाठी सदस्य

23. प्रो. ए.एस. आरावमुदन सदस्य

24. प्रो. सदन सिंह सदस्य

25. प्रो. रामानुज उपाध्याय सदस्य

26. डॉ. अशोक थपलियाल सदस्य

27. डॉ. आदेश कुमार सदस्य

28. डॉ. के. एस. सतीशा सदस्य

29. डॉ. सुशील कुमार सदस्य

30. डॉ. दयाल सिंह सदस्य

प्रो. राम नाथ झा, प्रो. रमेश प्रसाद पाठक, प्रो. वीर सागर जैन, किसी कारणवश बैठक में भाग नहीं ले सके।

सर्वप्रथम कुलपति महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को भारत सरकार द्वारा विद्यापीठ को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करने के पश्चात् विद्वत्परिषद् की प्रथम बैठक में सभी सदस्यों का स्वागत किया । सभी सदस्यों ने माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द जी, प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मानव संसाधन विकास मन्त्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक जी को धन्यवाद दिया । कुलपति महोदय ने यह भी बताया कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनने के पश्चात् विद्वत्परिषद् की संरचना नए अधिनियम के अनुसार की जानी थी, परन्तु इस बैठक में प्रस्तुत अधिकतर प्रस्ताव केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनने के पूर्व से संबंधित थे अतः बैठक पूर्व निर्धारित संरचना के अनुसार आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें सभी की सहभागिता तथा विचार-विमर्श पश्चात् निर्णय लिया जा सके। विश्वविद्यालय की विद्वत्परिषद् की आगामी बैठक केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम में विनिर्णीत संरचना एवं प्रावधानों के अनुसार आयोजित की जाएगी। कुलपति महोदय द्वारा प्रो. ए.एस. आरावमुदन को मंगलाचरण प्रस्तुत करने का अनुरोध किया।प्रो. ए.एस. आरावमुदन के मंगलाचरण के साथ ही बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई। शैक्षणिक सत्र 2019-20 के प्रथम सेमेस्टर की समस्त शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करने हेतु समस्त सदस्यों को बधाई दी गई।डॉ. अलका राय, कुलसचिव (प्रभारी) महोदयाने विद्वत्परिषद् की प्रथम बैठक के लिए निर्धारित कार्यसूची के प्रत्येक मद को प्रस्तुत किया। गहन विचार-विमर्श के अनन्तर सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिए गये:-

**संकल्प संख्या १.१ विद्वत्परिषद् की दिनांक २१मई, २०१९ को सम्पन्न बारहवीं बैठक में लिये गये निर्णयों की पुष्टि।**

विद्वत्परिषद् की दिनांक 21मई, 2019को सम्पन्न हुई बारहवीं बैठक में लिये गये निर्णयों को सर्वसम्मति से पुष्टि की गयी।

सत्यापित
VERIFIED



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

**संकल्प संख्या १.२ विद्वत्परिषद की दिनांक २१ मई, २०१९ को सम्पन्न हुई बारहवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का प्रतिवेदन।**

विद्वत्परिषद की दिमांक 21मई, 2019को सम्पन्न हुई बारहवींबैठक में लिये गये निर्णयों के क्रियान्वयन के विषय पर प्रस्तुत कृत कार्यवाही की पुष्टि की गयी।

विद्वत्परिषद् की बारहवीं बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार संकल्प संख्या 12.11 के अनुसार परीक्षा एवं मूल्यांकन सम्बन्धित उपनियमके (अंग्रेजी) प्रारूप को अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया था जिस पर विद्वत्परिषद् द्वारा उपनियमों को हिन्दी भाषानुवाद सहित अधोलिखित सदस्यों की समिति के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत करने की अनुशंसा की गई थी तथा यह निर्णय लिया गया था कि समिति द्वारा संबंधित उपनियमों का अवलोकन करने के उपरान्त विद्वत्परिषद् की आगामी बैठक में स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया जाए। संबंधित समिति द्वारा परीक्षा एवं मूल्यांकन संबंधित उपनियमों के अंग्रेजी प्रारूप के अनुसार उपनियमों का हिन्दी भाषानुवाद पश्चात् विद्वत्परिषद् द्वारा संबंधित उपनियमों (अंग्रेजी / हिन्दी भाषा) को विश्वविद्यालय में लागू करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**संकल्प संख्या १.३ श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, मानित विश्वविद्यालय से केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाए जाने हेतु मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना विद्वत्परिषद् के सूचनार्थ।**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी राजपत्रित अधिसूचना संख्या 4-4/2018-skt-II dated 17-4-2020के अनुसार श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, मानित विश्वविद्यालय को श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्याल, केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में दिनांक 30.4.2020 से कार्य प्रारम्भ करने हेतु जारी की। उसके अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना संख्या 1(149)LBSV/Admn/2019-20/20 दिनांक 30.4.2020 से केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में उक्त तिथि से कार्य करना प्रारम्भ कर दिया। विद्वत्परिषद् के सभी सदस्यों द्वारा विद्यापीठ को केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाने पर भारत सरकार एवंमानव संसाधन विकास मंत्रालय, के प्रति आभार प्रकट किया गया।

**संकल्प संख्या १.४ लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के केन्द्रीय विश्वविद्यालय गठन उपरान्त किये जाने वाले शैक्षणिक कार्यक्रम एवं आधारिक सरंचना से संबंधित मंत्रालय को प्रेषित प्रस्ताव के अनुसार मुख बिन्दु विद्वत्परिषद् के सूचनार्थ प्रस्तुत।**

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के रूप में कार्य प्रारम्भ करने के पश्चात्तथा प्रदत्त उद्देश्यों को पूर्ण करने हेतुकुलपति महोदय द्वारा समस्त संकाय प्रमुखों एवं विभागाध्यक्षों के साथ ऑनलाइन माध्यम से बैठक में प्रस्तुत किए गए सुझावों एवं प्रस्तावों के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक कार्यक्रम तथा आधारिक संरचना से संबंधित प्रस्तावित योजना तैयार कर कुलपति महोदय द्वारा समस्त सदस्यों को इस आगामी कार्य योजना से अवगत कराया गया। सभी सदस्यों द्वारा योजना में लिए गए आगामी प्रस्तावों पर अपनी

सत्यापित
VERIFIED



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

सहमतिव्यक्त की तथा इसके क्रियान्वयन हेतु मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार में प्रेषित करने का सुझाव दिया गया।

**संकल्प संख्या १.५ 'लोकप्रिय संस्कृत भाषा' में ऑनलाइन माध्यम से सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, यूजी और पीजी ( माडयूलर आधार पर ) पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत।**

विश्वविद्यालय द्वारा संस्कृत भाषा को लोकप्रिय बनाने तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आकांक्षित अभ्यर्थियों को संस्कृत भाषा का ज्ञान उपलब्ध कराने हेतु 'लोकप्रिय संस्कृत भाषा' पाठ्यक्रम में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, यूजी और पीजी (माडयूलर आधार पर) पाठ्यक्रम तैयार कर अन्य संस्थानों के सहयोग से एमओयू हस्ताक्षरित कर ऑनलाइन माध्यम से पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ.सुमन कुमार झा होंगे। डॉ. परमेश कुमार शर्मा एवं डॉ. दिनेश यादव इस कार्यक्रम के सह-संयोजक होगें तथा डॉ. सुमन कुमार झा को सहायता प्रदान करेगें । पाठ्यक्रम निर्माण आदि से संबंधित कार्य हेतु निम्नलिखित सदस्यों की समिति गठित की गई:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रो. भागीरथि नन्द | - | अध्यक्ष (संकाय प्रमुख शैक्षणिक) |
| 2. प्रो. बिहारी लाल शर्मा | - | सदस्य (निर्देशक,आन्तरिक-गुणवत्ता-आश्वासन -प्रकोष्ठ) |
| 3. प्रो. शिवशंकर मिश्र | - | सदस्य (विभागाध्यक्ष-शोध विभाग) |
| 4. डॉ. के. सतीशा | - | सदस्य (विभागाध्यक्ष-अद्वैत वेदान्त विभाग) |
| 5. डॉ. सुमन कुमार झा | - | संयोजक (साहित्य विभाग) |
| 6. डॉ. परमेश कुमार शर्मा | - | सह-संयोजक |
| 7. डॉ. दिनेश यादव | - | सह-संयोजक |

**संकल्प संख्या १.६ सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रेषित अर्ध शासकीय पत्र संख्या एफ.१-१/२०२० (सचिव) दिनांक २९.४.२०२० के अनुसार प्रेषित दिशानिर्देशों को (UGC Guidelines on Examinations and Academic Calendar for the Universities in View of COVID-19 Pandemic and Subsequent Lockdown)विद्यापीठ में लागू करने हेतु।**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रेषित अर्ध शासकीय पत्र संख्या एफ.1-1/2020 (सचिव) दिनांक 29.4.2020 के अनुसार प्रेषित दिशानिर्देशों पर गहन विचार-विमर्श करने के उपरान्त विद्वत्परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि (UGC Guidelines on Examinations and Academic Calendar for the Universities in View of COVID-19 Pandemic and Subsequent Lockdown).में प्रदत्त प्रावधानों को यथावत् विश्वविद्यालय में लागू किया जाए। शैक्षणिक सत्र 2019-20 की शैक्षणिक गतिविधियाँ एवं आगामी शैक्षणिक सत्र 2020-21शैक्षणिक गतिविधियाँ संशोधित शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार विद्वत्परिषद् द्वारा संचालित करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

सत्यापित
VERIFIED



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

**1. The following calendar for the academic session 2019-2020:**

| Activities | Date suggested by UGC | Date Proposed by University |
|---|---|---|
| Start of Even Semester | 01.01.2020 | **01.01.2020** |
| Suspension of Classes | 16.03.2020 | **16.03.2020** |
| Continuation of Teaching-Learning through various modes such as Online Learning / Distance Learning / Social Media (WhatsApp / You Tube) / E-mails / Video Conferencing / Mobile Apps / SWAYAMPRABHA Channels on DTH etc. | 16.03.2020 to 31.05.2020 | **16.03.2020 to 31.05.2020** |
| Finalisation of Dissertation / Project Work /Internship Reports / E-labs /Completion of Syllabus / Internal Assessment / Assignment / Students Placement Drive etc. | 01.06.2020 to 15.06.2020 | **01.06.2020 to 15.06.2020** |
| Summer Vacations | 16.06.2020 to 30.06.2020 | **16.06.2020 to 30.06.2020** |
| Conduct of Examinations:<br>(i) Terminal Semester / Year<br>(ii) Intermediate Semester / Year | 01.07.2020 to 15.07.2020<br>16.07.2020 to 31.07.2020 | 01.07.2020 to 15.07.2020<br>16.07.2020 to 31.07.2020 |
| Evaluation and Declaration of Result:<br>(i) Terminal Semester / Year<br>(ii) Intermediate Semester / Year | 31.07.2020<br>14.08.2020 | 31.07.2020<br>14.08.2020 |

**2. The following calendar for the academic session 2020-2021:**

| Activities | Date Suggested by UGC | Date Proposed by University |
|---|---|---|
| Admission Process | 01.08.2020 to 31.08.2020 | **01.08.2020 to 31.08.2020** |
| Commencement of Classes<br>i. Students of 2nd / 3rd year<br>ii. Fresh batch (First Semester / Year) | 01.08.2020<br>01.09.2020 | **01.08.2020**<br>**01.09.2020** |
| Conduct of Examinations | 01.01.2021 to 25.01.2021 | **01.01.2021 to 25.01.2021** |
| Commencement of Classes for Even Semester | 27.01.2021 | **27.01.2021** |
| Dispersal of Classes | 25.05.2021 | **30.5.2021** |
| Conduct of Examinations | 26.05.2021 to 25.06.2021 | **01.06.2021 to 02.07.2021** |
| Summer Vacations | 01.07.2021 to 30.07.2021 | **05.07.2021 to 30.07.2021** |
| Commencement of Next Academic Session | 02.08.2021 | **02.08.2021 (2021-22)** |

विद्वत्परिषद् द्वारा यह निर्णय भी लिया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई 2020 में शास्त्री, आचार्य, एम.ए. योगा, शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य, विशिष्टाचार्य एवं विद्यावारिधि पाठ्यक्रमों से संबंधित अन्तिम वर्ष के छात्रों के **Terminal Semester / Yearकी परीक्षाओं का आयोजन जुलाई माह में करना अपेक्षित है जिसकी सूचना**

सत्यापित
VERIFIED



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध की जाएगी। विद्वत्परिषद् द्वारा यह निर्णय लिया गया कि उपर्युक्त पाठ्यक्रम से संबंधितIntermediate Semester / Year के छात्रों की परीक्षाएं परिस्थितियों के अनुसार शैक्षणिक गतिविधियाँ प्रारम्भ करा कर अगस्त माह या समयानुसार द्वारा आयोजित की जाएगी।

विद्वत्परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र २०१९-२० एवं शैक्षणिक सत्र २०२०-२१ की शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों का संचालन छह दिवसीय अवधि के अनुसार किया जाएगा। जिससे इस सत्र में हुई क्षति की पूर्ति की जा सके । इसके संबंध में आवश्यक सूचना प्रशासन विभाग द्वारा निर्गत की जाएगी।

**संकल्प संख्या १.७ कोविड-१९ संक्रमण के कारण घोषित लॉकडाउन समय अवधि में समस्त विभागों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से अपने-अपने विषयों के छात्रों को पाठ्यक्रम पूर्ण कराने हेतु अध्यापन की सुविधा प्रदान करने के संबंध में।**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार के अनुसार लॉकडाउन अवधि में समस्त अध्यापकों द्वारा संगणक विभाग के प्रयासों द्वारा छात्रों को ऑनलाइन अध्ययन सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा किए गए कार्यो की विद्वत्परिषद् द्वारा सराहना की गई। सभी अध्यापकों द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रेषित दिशा-निर्देशानुसार दिनांक 31.05.2020 तक अनिवार्य रूप से अपने सभी विषयों का पाठ्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से पूर्ण कराने पर धन्यवाद दिया गया। विद्वत्परिषद् द्वारा सभी संकाय प्रमुखों, विभागाध्यक्षों एवं समस्त अध्यापकों से आन्तरिक सत्रीय कार्य को पूर्ण कर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अनिवार्य रूप से परीक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए प्रफोर्मा में समस्त सूचना के साथ दिनांक 15.6.2020 या इससे पूर्व तक परीक्षा विभाग में प्रेषित करे।

**संकल्प संख्या १.८ सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रेषित अर्ध शासकीयपत्र संख्या एफ.१-१/२०२० (सचिव) दिनांक २९.४.२०२० के अनुसार प्रेषित दिशानिर्देशों के अनुपालन में एम.फिल. एवं पीएच.डी. उपाधि हेतु पंजीकृत शोध छात्रों को छः माह की समय वृद्धि प्रदान करने के संबंध में।**

विद्वत्परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों को संज्ञान में लेते हुए एम.फिल. एवं पीएच.डी पाठ्यक्रम के संबंधित छात्रों को निर्धारित समय समाप्ति की तिथि से छह महीने की समय वृद्धि की अवधि के भीतर निर्धारित औपचारिकताओं को पूर्ण कर अपना लघुशोध प्रबंध / शोध प्रबंध जमा की स्वीकृति प्रदान की गई।

**संकल्प संख्या १.९ शैक्षणिक सत्र २०२०-२१ में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित नियमित एवं अंशकालिक पाठ्यक्रमो में प्रवेश लेने हेतु प्रक्रिया से संबधित विषयों पर विचार-विमर्श करने हेतु दिनांक २३.०१.२०२० को आयोजित समिति की बैठक का कार्यवृत्त**

सत्यापित
VERIFIED



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
... सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

शैक्षणिक सत्र 2020-21 में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित नियमित एवं अंशकालिक पाठ्यक्रमो में प्रवेश लेने हेतु प्रक्रिया से संबधित विषयों पर विचार-विमर्श करने हेतु दिनांक 23.01.2020 को आयोजित समिति की संस्तुतियों की विद्वत्परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या १.१०विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में नए सत्र हेतु प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित प्रस्ताव विद्वत्परिषद् के विचारार्थ प्रस्तुत।**

विद्वत्परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रेषित दिशानिर्देशों के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए निर्धारित शैक्षणिक कैलेण्डर को संज्ञान में लेते हुए शैक्षणिक सत्र 2020-21 में शास्त्री, बी.ए.योग., आचार्य, एम.ए. योग एवं विशिष्टाचार्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित प्रस्तावित तिथियों के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न करने की स्वीकृति प्रदान की गई। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:-

- ऑनलाइन आवेदनपत्र-तिथि : 22/4/2020 से 17/7/2020
- विलम्ब-शुल्क-सहित : 18/7/2020 से 22/7/2020
- ऑनलाइन प्रवेशपत्र डॉउनलोड : 27/7/2020 से 01/08/2020
- लिखित प्रवेश-परीक्षा तिथि (ऑफलाइन) : 02/08/2020 (रविवार) प्रात: 11.00 से 1.00 बजे तक
- प्रवेश-परीक्षा-परिणाम घोषणा : 10/8/2020
- प्रवेश-प्रक्रिया प्रारम्भ : 11/8/2020 से 31/8/2020
- कक्षा आरम्भ : 01/09/2020

विद्वत्परिषद् द्वारा शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य एवं विद्यावारिधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु तिथि निर्धारण करने के लिए शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा गठित Steering Committeeबैठक आयोजित कर केन्द्रीय विद्यालय संगठन तथा अन्य संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा की तिथियों की जानकारी प्राप्त कर एक उचित तिथि निर्धारित कर कार्यवाही सम्पन्न करें।

**संकल्प संख्या १.११संकाय प्रमुखों एवं अन्य अधिकारियों की बैठकों में लिये निर्णयों के कार्यवृत्त विद्वत्परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

शैक्षणिक सत्र 2019-20 में शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालन हेतु संकाय-प्रमुखों एवं अन्य अधिकारियों की समय-समय पर सम्पन्न बैठकों द्वारा की गई संस्तुतियों की विद्वत्परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।इस संबंध में यह निर्णय भी लिया गया कि विभिन्न बैठकों में संस्तुत एवं अवशिष्ट शैक्षण्कि क्रियाकलापों से संबंधित नीतिगत सुझावों को क्रियान्वित किया जाए और वित्तीय तथा प्रशासकीय संस्तुतियां Finance Committee and Executive Council को विचारार्थ एवं आवश्यक निर्णय हेतु प्रेषित की जाए।

**संकल्प संख्या १.१२शोध उपाधि समिति द्वारा संस्तुत माह मई २०१९ से फरवरी, २०२० तक विद्यावारिधि (पीएच.डी) छात्रों की सूची विद्वत्परिषद की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

विद्वत्परिषद् द्वारा शोधोपाधि समिति द्वारा संस्तुत शोध छात्रों को जारी अस्थाई प्रमाण पत्र की सूची की पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या १.१३मई, २०१९ एवं दिसंबर २०१९ में सम्पन्न शास्त्री, बी.ए. योग, आचार्य, एम.ए.योग, विशिष्टाचार्य, शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य (सत्र प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम एवं षष्ठ), विद्यावारिधि एवं अंशकालीन पाठ्यक्रम के परीक्षा परिणाम विद्वत्परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

अप्रैल/ मई, 2019 एवं नवम्बर/ दिसंबर 2019 में सम्पन्न शास्त्री, बी.ए. योग, आचार्य, एम.ए.योग, विशिष्टाचार्य, शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य (सत्र प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम एवं षष्ठ), विद्यावारिधि एवं अंशकालीन पाठ्यक्रम के परीक्षा परिणाम विद्वत्परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या १.१४शोध समीक्षा समिति की बैठकों में लिये गये निर्णयों के कार्यवृत्त विद्वत्परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

विद्वतपरिषद् द्वारा शोध समीक्षा समिति की बैठकों में लिये गये निर्णयों की पुष्टि की गई। विद्वत्परिषद् द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि सभी संकाय प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष / मार्गनिर्देशक अपने-अपने विभाग में पंजीकृत शोध छात्रों को यू.जी.सी. विनियम 2016 के संबंध में समय-समय पर जानकारी प्रदान करें ताकि शोध छात्र अपना शोध कार्य निर्धारित नियमों के अनुसार पूर्ण करे।

**संकल्प संख्या १.१५दिनांक ११.०७.२०१९ को आयोजित दृष्टि बाधित/दिव्यांगजन छात्रों को परीक्षा के समय श्रुतलेख एवं मानदेय हेतु नियम/उपनियम तैयार करने हेतु गठित समिति की बैठक का कार्यवृत्त विद्वत्परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

दिनांक 11.07.2019 को आयोजित दृष्टि बाधित/दिव्यांगजन छात्रों को परीक्षा के समय श्रुतलेख एवं मानदेय हेतु नियम/उपनियम तैयार करने हेतु गठित समिति की बैठकद्वारा की गई संस्तुतियों की विद्वत्परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या १.१६दिनांक २९.८.२०१९ को आयोजित शोध मण्डल की बैठक का कार्यवृत्त विद्वत्परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

दिनांक 29.8.2019 को आयोजित शोध मण्डल की बैठक द्वारा की गई संस्तुतियों की विद्वत्परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या १.१७शैक्षणिक सत्र २०१९-२० में नियमित एवं अंशकालिक पाठ्यक्रमों में प्रविष्ट छात्रों की संख्या विद्वत्परिषद् के सूचनार्थ प्रस्तुत।**

VERIFIED



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

शैक्षणिक सत्र 2019-20 में नियमित एवं अशंकालिक पाठ्यक्रमों में प्रविष्ट छात्रों की संख्या की विद्वत्परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या १.१८ शैक्षणिक सत्र २०२०-२१ के लिए शैक्षणिक-नियम-परिचायिका तैयार करने हेतु गठित समिति की बैठक का कार्यवृत्त विद्वत्परिषद की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

विद्वत्परिषद् द्वारा कोविड़ 19 के कारण उत्पन्न स्थिति को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए शैक्षणिक-नियम-परिचायिका तैयार करने हेतु गठित समिति को सुझाव दिया गया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रेषित **UGC Guidelines on Examinations and Academic Calendar for the Universities in View of COVID-19)** को संज्ञान में लेते हुए शैक्षणिक सत्र 2020-21 से संबंधितशैक्षणिक नियम परिचायिका तैयार कर उसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाए।

**संकल्प संख्या १.१९ दिनांक ०६.१२.२०१९ को आयोजित शोध विभाग के अध्ययन मण्डल की बैठक का कार्यवृत विद्वत्परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

दिनांक 06.12.2019 को आयोजित शोध विभाग के अध्ययन मण्डल की बैठकद्वारा की गई संस्तुतियों की विद्वत्परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या १.२०शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य एवं विद्यावारिधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विद्यापीठ द्वारा लिखित प्रवेश परीक्षा आयोजित करने हेतु प्रवेश संचालन समिति की बैठकों का कार्यवृत्त विद्वत्परिषद् की पुष्टि हेतु तथा प्रवेश परीक्षा हेतु तिथि निर्धारित करने पर विचार।**

शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य एवं विद्यावारिधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु तिथि निर्धारण करने हेतु शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा गठित Steering Committeeकी बैठको में लिए गए निर्णयों की पुष्टि की गई तथा यह निर्णय भी लिया गया कि लिखित प्रवेश परीक्षाके संबंध में अन्य संस्कृत विश्वविद्यालयों द्वारा निर्धारित तिथियों को संज्ञान में लेते हुए तथा केन्द्रीय विद्यालय संगठन से परीक्षा केन्द्रों की उपलब्धता प्राप्त कर विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य एवं विद्यावारिधि पाठ्यक्रमों की लिखित प्रवेश परीक्षा के लिए तिथि निर्धारण तथा अन्य मामलों पर विचार-विमर्श करने हेतु शीघ्र ही Steering Committee की बैठक शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित की जाए।

**संकल्प संख्या १.२१विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम २०१० एवं (संशोधन विनियम) २०१४ के अनुसार तीन नए बाह्य सदस्यों को विद्वत्परिषद् में नामित करने पर विचार।**

सत्यापित
VERIFIED



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

विद्वत्परिषद् के बाह्य सदस्यों को ममोनीत करने के संबंध में यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा विद्वत्परिषद् की संरचना तथा सदस्यों का मनोमयनकेन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय एक्ट 2020 में प्रदत्त प्रावधानों के अनुसार किया जाए। कृत कार्यवाही की रिपोर्ट विद्वत्परिषद् की आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाएगी।

**संकल्प संख्या १.२२विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विद्यावारिधि पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित पूर्व-पीएच.डी कोर्स वर्क के पाठ्यक्रम में रिसर्च एंड पब्लिकेश एथिक्स शीर्षक प्रकाशन नैतिकता और प्रकाशन कदाचार के बारे में जागरूकता के लिए निर्धारित २ क्रेडिट पाठ्यक्रम को लागू करने पर विचार।**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशानुसार विद्यावारिधि पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित पूर्व-पीएच.डी कोर्स वर्क के पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित 2 क्रेडिट पाठ्यक्रम को शैक्षणिक सत्र 2020-21 से विश्वविद्यालय में लागू करने हेतु स्वीकृति विद्वत्परिषद् द्वारा प्रदान की गई। संबंधित विभाग द्वारा पाठ्यक्रम को लागू करने हेतु निर्धारित प्रक्रिया शीघ्रातिशीघ्र सम्पन्न की जाए।

**संकल्प संख्या १.२३ शैक्षणिक सत्र २०२०-२१ से आधुनिक विद्या संकाय के अन्तर्गत एम.ए. हिन्दी-साहित्य पाठ्यक्रम संचालित करने का प्रस्ताव विद्वत्परिषद् के विचारार्थ एवं स्वीकृति हेतु प्रस्तुत।**

आधुनिक विद्या संकाय एवं विभिन्न छात्रों द्वारा दिये गये सुझाव पर विचार-विमर्श करने के उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि एम.ए. हिन्दी-साहित्य द्विवर्षीय नियमित पाठ्यक्रम एवं ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया जाए। इस पाठ्यक्रम में प्रथम चरण में 10 स्थानों पर प्रवेश दिया जाएगा। इस पाठ्यक्रम में अध्यापन हेतु शिक्षाशास्त्र संकाय सहित अन्य विभागों के अध्यापकों तथा विषय से संबंधित अध्यापकों/सेवानिवृत्त अध्यापकों की आवश्यकतानुसार सेवाएं ली जा सकती हैं। इस पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूप से संस्कृत साहित्य शास्त्र का एक पत्र होगा, जिसकी भाषा संस्कृत होगी ।

पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश अर्हता-पाठ्यक्रम तथा सीटों का निर्धारण इत्यादि करने हेतु निम्नलिखित समिति का गठन किया जाता है:-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रो. भागीरथि नन्द | - | अध्यक्ष | (संकाय प्रमुख शैक्षणिक) |
| 2. | प्रो. सविता शर्मा | - | संयोजिका | (विभागाध्यक्ष-मानवीकी विभाग) |
| 3. | प्रो. बिहारी लाल शर्मा | - | सदस्य | (निर्देशक, आंतरिक-गुणवत्ता-आश्वासन-प्रकोष्ठ) |
| 4. | प्रो. जगदेव शर्मा | - | सदस्य | (मानवीकी विभाग) |
| 5. | प्रो. पी. सी. पंतजलि | - | बाह्य सदस्य | (पूर्व कुलपति वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर) |
| 6. | प्रो. कुमुद शर्मा | - | बाह्य सदस्य | (आचार्य, दिल्ली विश्वविद्यालय) |

सत्यापित
VERIFIED



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
... सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

उक्त समिति दो सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट तैयार कर अवलोकन एवं स्वीकृति हेतु माननीय कुलपति महोदय को प्रेषित करेगी। विश्वविद्यालय नियमानुसार नवीन पाठ्यक्रम के संचालन करने से पूर्व निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित किया जाएगा।

**संकल्प संख्या १.२४ शैक्षणिक सत्र २०२०-२१ से आधुनिक विद्या संकाय के अन्तर्गत English Speaking के अन्तर्गत एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करने का प्रस्ताव विद्वत्परिषद् के विचारार्थ एवं स्वीकृति हेतु प्रस्तुत।**

आधुनिक विद्या संकाय से प्राप्त प्रस्ताव पर विचार-विमर्श करने के उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि छात्रों की अंग्रेजी भाषा में दक्षता वृद्धि हेतु विश्वविद्यालय द्वारा English Speakingपाठ्यक्रमनियमित संचालित करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है जो एक वर्षात्मक प्रमाणपत्रीय उसके बाद निरन्तर क्रम से एक वर्षीय डिप्लोमा तदुपरान्त एडवांस डिप्लोमा । इस प्रकार यह तीन वर्षो का पाठ्यक्रम होगा । इस पाठ्यक्रम में 50स्थानों पर प्रवेश दिया जाएगा, यह प्रथमवर्षीय छात्रों से प्रारम्भ किया जाएगा। डॉ. सुमिता त्रिपाठी इस पाठ्यक्रम की सयोजिका होगी। इसमें आवश्यकतानुसार ब्रिटिश राजदूतावास की भी सहायता ली जा सकती है।

पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश अर्हता-पाठ्यक्रम तथा सीटों का निर्धारण इत्यादि करने हेतु निम्नलिखित समिति का गठन किया जाता है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रो. भागीरथि नन्द | - | अध्यक्ष (संकाय प्रमुख शैक्षणिक) |
| 2. प्रो. बिहारी लाल शर्मा | - | सदस्य (निर्देशक, आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ) |
| 3. प्रो. अञ्जू सहगल गुप्ता | - | सदस्या (पूर्व आचार्य, इग्नू, नई दिल्ली) |
| 4. प्रो. मीनू कश्यप | - | सदस्या (मानविकीय विभाग) |
| 5. डॉ. अभिषेक तिवारी | - | सदस्य (मानविकीय विभाग) |
| 6. डॉ. सुमिता त्रिपाठी | - | सयोजिका(आधुनिक विद्या विभाग) |

उक्त समिति दो सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट तैयार कर अवलोकन एवं स्वीकृति हेतु माननीय कुलपति महोदय को प्रेषित करेगी।

**संकल्प संख्या १.२५ विभागाध्यक्ष, योग विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव विद्वत्परिषद् के विचारार्थ एवं स्वीकृति हेतु सादर प्रस्तुत।**

विद्वत्परिषद् द्वारा योग विभाग द्वारा प्रस्तुत विभिन्न प्रस्तावों पर गहनतापूर्वक विचार-विमर्श करने के उपरान्तनिम्नलिखित निर्णय लिए गए:-

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

१. योग विभाग का नाम योग विज्ञान विभाग रखा जाय।

योग विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव में दिए गए तथ्यों के आधार पर विद्वत्परिषद् द्वारा योग विभाग के स्थान पर योग विज्ञान विभाग करने की स्वीकृति प्रदान करने से पूर्व पाठ्यक्रम आदि के परीक्षण हेतु निम्नलिखित सदस्यों की समिति द्वारा समीक्षा कर प्रतिवेदन संस्तुति के आधार पर नियमानुसार निर्णय किया जाए तथा उसे आगामी बैठक में सूचित किया जाए ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रो. भागिरथि नन्द | - | अध्यक्ष (संकाय प्रमुख शैक्षणिक) |
| 2. प्रो. हरेराम त्रिपाठी | - | सदस्य (संकाय प्रमुख-दर्शन संकाय) |
| 3. प्रो. महेश प्रसाद सिलोड़ी | - | सदस्य (विभागाध्यक्ष-योग विभाग) |
| 4. प्रो. बिहारी लाल शर्मा | - | सदस्य (निर्देशक, आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ) |
| 5. प्रो. ईश्वर भारद्वाज | - | सदस्य (गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार) |
| 6. डॉ. राजीव रस्तोगी | - | सदस्य (मोरारजी देसाई राष्ट्रीय संस्थान, नई दिल्ली) |

२. एक वर्षीय पी.जी. योग डिप्लोमा को अंशकालिक के स्थान पर पूर्णकालिक करने का प्रस्ताव ।

विद्वत्परिषद् द्वारा उपर्युक्त प्रस्ताव पर संज्ञान लेते हुए एवं विभाग द्वारा दी गई सूचना के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा योग विभाग गठन से पूर्व एक वर्षीय अंशकालीन पी.जी. योग डिप्लोमा पाठ्यक्रम स्ववित्तपोषित योजना के अनुसार संचालन की स्वीकृति प्रदान की गई थी। अतः इस संबंध में सुझाव दिया गया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय में प्रचलित अन्य डिप्लोमा पाठ्यक्रम से तुलनाकर परिवर्तन हेतु विभागीय स्तर पर पूर्ण रूप से विचार-विमर्श के पश्चात् तथा नियमानुसार पूर्ण तथ्यों के साथ एक रिपोर्ट अग्रिम बैठक में प्रस्तुत की जाए ।

३. योग विभाग के अन्तर्गत पृथक् से योग नैचरोपैथी का एक वर्षीय डिप्लोमा प्रारम्भ कर दिया जाए। जिसका प्रायोगिक दिल्लीस्थ नैचरोपैथी केन्द्रों में किया जा सकता है।

विद्वत्परिषद् द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव के संबंध में सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय मेंआधारिक संरचना पूर्ण होने के पश्चात् इस कार्यक्रम पर पुनः विचार किया जाएगा ।

४. योग विभाग द्वारा एक वर्षीय योग एवं आयुर्वेद का डिप्लोमा प्रारम्भ कर दिया जाय। इसका प्रायोगिक दिल्ली स्थित आयुर्वेद महाविद्यालय में किया जा सकता है।

विद्वत्परिषद् द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव के संबंध में सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय में आधारिक संरचना पूर्ण होने के पश्चात् इस कार्यक्रम पर पुनः विचार किया जाएगा ।

५. एम.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को प्राकृतिक प्रायोगिक प्रशिक्षण हेतु विभिन्न सम्बन्धित संस्थानों में भेजा जाए, जिससे उन्हें प्राकृतिक चिकित्सा सम्बन्धित विषय का सम्यक् ज्ञान हो सके। जिसकी अवधि १० दिनों की रहेगी।

सत्यापित
VERIFIED



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

एम.ए. योग पाठ्यक्रम को अधिक प्रभावशाली एवं योग्यता परक बनाने के लिए तथा छात्रों को प्राकृतिक प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु कम से कम एक माह के लिए अन्तिम सत्र में विभिन्न संस्थानों / एन.जी.ओ./ प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्रों आदि में भेजकर अपनी योग्यता सिद्ध कर वहाँ किए गए कार्यों विवरण के आधार पर तैयार प्रोजेक्ट रिपोर्ट को अपने विभाग में प्रस्तुत करना होगा। रिपोर्ट में प्रदत्त विवरण के आधार पर विभाग द्वारा छात्रों को अंक / क्रेडिट प्रदान किए जाएगे। विद्वत्परिषद् द्वारा योग विभाग द्वारा प्रस्तुत उक्त सुझाव पर एक माह की अवधि हेतु स्वीकृति प्रदान की गई।

**संकल्प संख्या १.२६ दिनांक २५.०५.२०२० को आयोजित आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक में लिए गए निर्णयों का कार्यवृत्त विद्वत्परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

दिनांक 25.05.2020 को आयोजित आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठकी बैठकद्वारा की गई संस्तुतियों की विद्वत्परिषद् द्वारा पुष्टि की गई तथा लिए गए निर्णयों पर आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न करने हेतु संबंधित विभागों को कार्यवृत्त की प्रति प्रेषित करने का निर्णय लिया गया ।

**संकल्प संख्या १.२७ अध्यक्ष महोदय की अनुमति से विचारार्थ प्रस्तुत अन्य विषय।**

**१.२७ (१) संकाय प्रमुख शिक्षाशास्त्र संकाय द्वारा पाठ्यक्रमों में संशोधन हेतु प्रस्ताव विद्वत्परिषद् के सूचनार्थ प्रस्तुत।**

संकाय प्रमुख शिक्षाशास्त्र संकाय द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार शिक्षाशास्त्र विभागीय पाठ्यक्रमों के पुनरीक्षण एवं नवीकरण हेतु गठित समिति द्वारा माह फरवरी 2020 से प्रक्रिया प्रारम्भ की जा चुकी है परन्तु कोविड़-19 महामारी के कारण संबंधित कार्य पूर्ण नही हो पाया। इस संबंध में विद्वत्परिषद् द्वारा यह निर्णय लिया गया कि शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा महामारी की स्थिति समान्य होने के उपरान्त संबंधित समिति द्वारा पाठ्यक्रम के संशोधन का कार्य पूर्ण कर कृत कार्यवाही की रिपोर्ट निर्धारित प्रक्रियानुसार कुलपति महोदय की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत की जाए।

**१.२७ (२) द्वि-उपाधि (ड्यूल डिग्री) पाठ्यक्रम के अन्तर्गत नियमित पाठ्यक्रम के साथ-साथ दूरस्थ शिक्षा प्रणाली या ऑनलाइन माध्यम से डिग्री पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु विद्वत्परिषद् के विचारार्थ एवं स्वीकृति हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रेषित दिशानिर्देशानुसार विद्यार्थी द्वारा द्वि-उपाधि (ड्यूल डिग्री) पाठ्यक्रम के अन्तर्गत नियमित पाठ्यक्रम के साथ-साथ दूरस्थ शिक्षा प्रणाली या ऑनलाइन माध्यम से संचालित करने हेतु निर्धारित प्रावधानों को संज्ञान में लेते हुए विद्वत्परिषद् द्वारा तथा संबंधित संकाय के संकायाध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों के सुझावों के अनुसार उपर्युक्त प्रणाली के अन्तर्गत ऑनलाइन माध्यम से स्नातक उपाधि एवं परास्नातक उपाधि हेतु क्रमशः निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. के. एस. सतीश जी को बनाया जाता है।

सत्यापित
VERIFIED

1. शास्त्री (साहित्य)
2. शास्त्री (सर्वदर्शन)
3. शास्त्री (न्याय वैशेषिक)
4. शास्त्री (धर्मशास्त्र)

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

क्रम संख्या 1से 4 अनुसार संबंधित विभाग अपने-अपने विभाग से संबंधित अध्ययन मण्डल की बैठकें आयोजित कर पाठ्यक्रम की रूपरेखा तैयार करेंगे।पाठ्यक्रम की सूचना एवं आवश्यक प्रक्रिया हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को प्रेषित किया जाएगा । विद्वत्परिषद् द्वारा यह भी निर्णय लिया गया की आगामी शैक्षणिक सत्र से सभी कक्षाओं का पाठ्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से संचालित करने हेतु शीघ्रातिशीघ्र प्रक्रिया प्रारम्भ की जाए।

अध्यक्ष महोदय एवं समस्त सदस्यों को धन्यवाद के उपरान्त शान्ति पाठ से विद्वत्परिषद् की प्रथमबैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

(डॉ. अलका राय)
कुलसचिव एवं सचिव

(प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय)
कुलपति एवं अध्यक्ष

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, क़ुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016